**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.06.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में जिला परिषद वार्डों के लिए मतों की गिनती जारी, अभी तक 150 से अधिक वार्डों के नतीजे घोषित।

- मंडी जिला में बड़ा उल्टफेर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर और धर्मपुर से वंदना गुलेरिया चुनाव हारीं।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला परिषद, स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावी नतीजों को बताया लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत।

  और

- प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा का सिलसिला जारी–आने वाले दिनों में मिलती रहेगी भीषण गर्मी से राहत।

**जिला परिषद नतीजे–1**

प्रदेश में हुए जिला परिषद चुनावों के लिए मतों की गिनती जारी है। अभी तक कुल 251 जिला परिषद वार्डों में से 150 से अधिक वार्डों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार अभी तक उना जिला में 17 में से 16, बिलासपुर में 14 में से 6, कांगड़ा में 54 में से 22, किन्नौर में 11 में से 9, कुल्लू में 14 में से 11, शिमला में 25 में से 19, हमीरपुर में सभी 19, मंडी में 36 में से 23, चंबा में 18 में से 12, लाहौल–स्पीति में से 10 में से दो, सिरमौर में 17 में से 10 और सोलन में 17 में से 12 जिला परिषद वार्ड सदस्यों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला परिषद के नतीजों में अधिकांश जिलों में भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

सोलन नगर निगम में भाजपा की जोरदार जीत के बाद बीडीसी और जिला परिषद नतीजों में भी अधिकांश भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी हुए हैं। सलोगड़ा और मनसार पंचायत समिति वार्डों से निर्वाचित मनीष कुमार और कुमारी शीला ने अपनी जीत को मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की जीत करार दिया और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।

उधर, मंडी जिला परिषद के नतीजों में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। मंडी जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री कौल सिंह की बेटी चंपा ठाकुर कोटली वार्ड से जिला परिषद का चुनाव हार गई हैं। इसी तरह धर्मपुर क्षेत्र के टीहरा वार्ड से पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर की बेटी वंदना गुलेरिया भी चुनाव हार गई हैं। वंदना गुलेरिया मात्र 47 मतों के अंतर से हारीं, जबकि चंपा ठाकुर 2 हजार 4 सौ 64 मतों के बड़े अंतर से पराजित हुईं।

## कुल्लू चुनाव

कुल्लू जिला परिषद के कुल 14 वार्डों में से अभी तक 11 वार्डों के नतीजे घोषित हुए हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता

## सिरमौर चुनाव

सिरमौर जिला परिषद के कुल 17 वार्डों में से अभी तक 12 वार्डों के नतीजे घोषित किए गए हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे सिरमौर जिला संवाददाता

## किन्नौर चुनाव

किन्नौर जिला परिषद के कुल 10 वार्डों में से 9 के चुनाव नतीजे आ गए हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता–

डिस्पैच–

## चंबा चुनाव

चंबा जिला परिषद के अब तक घोषित परिणामों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित तुलसी राम की धर्मपत्नी लीला देवी चुनाव जीत गई हैं। वहीं, जिला के वखतपुर वार्ड से इंदिरा कपूर विजयी रही हैं। इंदिरा कपूर ने जीत के बाद कहा कि वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्थानीय शहरी निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के नतीजे लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत और सरकार की जनहितकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि प्रदेशवासियों ने विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण को प्राथमिकता देने वाली राजनीति का समर्थन किया है। उन्होंने चुनाव में जीते सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने–अपने क्षेत्रों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के

प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और जनता द्वारा व्यक्त विश्वास सरकार को और अधिक जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के समग्र विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य करती रहेगी।

**मौसम**

प्रदेशवासियों को आने वाले दिनों में प्रचंड गर्मी से राहत मिलती रहेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में आगामी 6 जून तक अलग–अलग स्थानों में वर्षा होगी। विभाग ने 3 से 6 जून तक राज्य के छह जिलों में अंधड़, आसमानी बिजली गिरने और आंधी–तुफान का येलो अलर्ट जारी किया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

डिस्पैच–योगराज

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने चार नगर निगमों के चुनाव नतीजों से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**धर्मशाला, मंडी और सोलन नगर निगम में भाजपा को बहुमत, पालमपुर में कांग्रेस का परचम बरकरार।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**3 नगर निगमों में भाजपा का राज, सिर्फ पालमपुर में कांग्रेस जीती।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**नगर निगम चुनावों में भाजपा आगे।** दैनिक जागरण के अनुसार–**सत्ता का सेमीफाइनल माने जा रहे नगर निगम चुनाव में सतारूढ़ कांग्रेस को झटका।**

दैनिक भास्कर ने खबर दी है–**एचआरटीसी चालक–परिचालकों का अल्टीमेटम–आज वेतन नहीं मिला तो कल से नहीं चलेंगी निगम की बसें।**

मौसम पर हिमाचल दस्तक लिखता है–**प्रदेश में छह जून तक खराब बना रहेगा मौसम।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रदेश में जिला परिषद वार्डों के लिए मतों की गिनती जारी, अभी तक 150 से अधिक वार्डों के नतीजे घोषित।

- मंडी जिला में बड़ा उल्टफेर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर और धर्मपुर से वंदना गुलेरिया चुनाव हारीं।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला परिषद, स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावी नतीजों को बताया लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत।

और

- प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा का सिलसिला जारी–आने वाले दिनों में मिलती रहेगी भीषण गर्मी से राहत।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे, नमस्कार।**